Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# Series RKM

**Code No.** कोड नं. **4/1**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# HINDI
# हिन्दी
# (Course B)
# (पाठ्‌यक्रम ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks: 100*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं — क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खण्ड क

**1.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** का संधि-विच्छेद कीजिए : 2

भाग्योदय, हितैषी, यद्यपि ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** में संधि कीजिए : 2

तथा + एव, अरुण + अचल, सु + आगत ।

**2.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के समस्त पद लिखिए और समास का नाम भी लिखिए : 2

महान है आशय जिसका, साज़ और सामान, जीवन पर्यन्त ।

(ख) निम्नलिखित पदों में से किन्हीं ***दो*** का विग्रह कीजिए और समास का भेद भी लिखिए : 2

चौराहा, घनश्याम, नगरवासी ।

**3.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) दुखी व्यक्ति के लिए सबके मन में सहानुभूति होती है।
(रेखांकित में से किन्हीं ***दो*** के पद-भेद लिखिए) 2

(ख) (i) चिकित्सक, साधु ? (लिंग बदलकर लिखिए) 1

(ii) भूकंप में शहर का मकान ढह गया। (रेखांकित में वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए) 1

(iii) मेरे घर में मेहमान आए हैं। (रेखांकित का कारक बताइए) 1

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं ***दो*** में वाच्य-परिवर्तन कीजिए : 2

(i) पक्षी उड़ते हैं। (भाववाच्य में)

(ii) सिपाही ने अपराधी को पकड़ा। (कर्मवाच्य में)

(iii) माँ से खाना नहीं बनाया जाता। (कर्तृवाच्य में)

**4.** (क) रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : 2

(i) हम लोग आगरा घूमने गए और वहाँ चार दिन रहे।

(ii) मैं उस व्यक्ति को जानता हूँ जो तुम्हारे पास आया था।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए : 2

(i) तुम्हारी घड़ी में क्या समय हुआ है ?

(ii) शायद में आज गाँव जाऊँ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : 2

(i) महात्मा गांधी अहिंसावादी थे। वे किसी को दुखी नहीं देखना चाहते थे। (मिश्र वाक्य में)

(ii) मेरा मित्र विदेश में रहता है। अगले महीने वह भारत आ रहा है। (साधारण वाक्य में)

(घ) वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

(i) इस विद्यालय में लड़के और लड़कियाँ सभी पढ़ती हैं।

(ii) वह लोग गाँव में हैं।

(ङ) उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए : 2

सच्चा मित्र वही है जो संकट के समय मित्र की मदद करता है ये महान् व्यक्तियों के विचार हैं

## खण्ड ख

**5.** दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 7

(क) **राष्ट्र हमारा हमको प्यारा**

(i) आकर्षक भौगोलिक सौंदर्य

(ii) प्राचीन संस्कृति

(iii) शांतिप्रिय राष्ट्र

(iv) चहुँमुखी विकास

(ख) **मेरा प्रिय खेल**

(i) खेल का नाम, प्रिय होने का कारण

(ii) एकल या सामूहिक खेल

(iii) खेल से मिलने वाला सुख और आनंद

(iv) खेल में मेरी उपलब्धियाँ

**6.** दिल्ली-निवासी अनिमेष की ओर से किसी प्रतिष्ठित पत्र के संपादक को पत्र लिखकर नगर में डेंगू फैलने के कारणों की चर्चा करते हुए इससे निपटने की अपर्याप्त तैयारियों का उल्लेख कीजिए। 8

**अथवा**

वास्तविक अथवा काल्पनिक वायुयान-यात्रा के आनंद का वर्णन करते हुए अपने/अपनी मित्र/सखी को पत्र लिखिए।

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

देश के अगणित मनुष्य यदि अज्ञान के अंधकार में डूबे रहें, यदि मनुष्यत्व-विकास के सभी संभव पथ अवरुद्ध हो जाएँ, यदि अशिक्षा, अन्याय, अपमान तथा शोषण से जीवन संकुचित होता रहे, तो हमारा सब कुछ व्यर्थ हो जाएगा। ज्ञान-विज्ञान का प्रकाशमय जगत् सदा के लिए हमसे दूर हो जाएगा। किसी देश की उन्नति के मूल में उस देश की जनता की जागरूकता ही मुख्यतः हुआ करती है। वस्तुतः मानव के अंतर में अमित शक्ति सुप्त रहती है। जाग्रत रूप में यही शक्ति देश को आगे बढ़ाती है और यह शक्ति जाग्रत होती है, शिक्षा के द्वारा। नवीन स्फूर्ति से तब जीवन स्पंदित होने लगता है। निरक्षरता का कलंक मिट जाता है। अन्तर-स्थित विपुल संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ii) सब कुछ व्यर्थ हो जाने के मूल में क्या कारण हैं ? 1

(iii) किसी देश की उन्नति कैसे संभव है ? 1

(iv) अमित शक्ति देश को कैसे अग्रणी बना सकती है ? 1

(v) आशय लिखिए — 'विपुल संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं'। 1

**8.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

नया प्रात है, नई बात है
नई किरण है, ज्योति नई।
नई उमंगें, नई तरंगे
नई आस है, साँस नई।
युग से मुरझाए सुमनों में नई-नई मुस्कान भरो।
उठो धरा के अमर सपूतो, पुनः नया निर्माण करो।।
डाल-डाल पर बैठ विहग कुछ
नए स्वरों में गाते हैं,
गुन-गुन, गुन-गुन करते भौंरे
मस्त उधर मँडराते हैं।
नव युग की नूतन वीणा में नया राग, नव गान भरो।
उठो धरा के अमर सपूतो, पुनः नया निर्माण करो।।

(क) उपर्युक्त काव्यांश में किन नई चीज़ों की ओर ध्यान दिलाया गया है ? 1

(ख) 'नई-नई मुस्कान भरो' का क्या भाव है ? 1

(ग) विहगों और भौंरों में क्या नयापन है ? 1

(घ) नव युग के लिए कैसे गान की अपेक्षा है ? 1

(ङ) उन पंक्तियों को उद्धृत कीजिए जिनका भाव है — बरसों की गुलामी से मिली आज़ादी के बाद नवनिर्माण करना होगा। 1

## खण्ड घ

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6

कितनी बार मनुष्य भटका है, गिरा है, बेहोश हुआ है, इसका कोई हिसाब नहीं बताया जा सकता। फिर भी वह सँभलकर फिर से उठा है, अपनी ही ग़लतियों के जाल से अपने को मुक्त किया है और फिर नई ज्योति जलाकर - और कुछ नहीं मिला तो अपनी हड्डी-पसलियों की ही मशाल जलाकर - वह आगे बढ़ा है।

(i) मनुष्य के भटकने और सँभलकर उठने के क्या कारण हैं ?

(ii) 'ग़लतियों के जाल से मुक्त करने' — का भाव समझाकर लिखिए।

(iii) आशय स्पष्ट कीजिए — 'हड्डी-पसलियों की मशाल जलाकर आगे बढ़ा है'।

**अथवा**

यहाँ के लोगों को अपनी ख़ूबसूरती नज़र नहीं आती, मगर पराए के सौंदर्य को देखकर मोहित हो जाते हैं। जिस देश में जन्म पाने के लिए मैक्समूलर ने जीवन-भर प्रार्थना की, उस देश के निवासी आज जर्मनी और विलायत जाना स्वर्ग जाने जैसा अनुभव करते हैं।

(i) यहाँ के लोगों का सौंदर्य के बारे में क्या दृष्टिकोण है ?

(ii) मैक्समूलर कौन था ? वह भारत में जन्म पाने के लिए लालायित क्यों रहता था ?

(iii) जर्मनी और विलायत जाने को स्वर्ग जाने जैसा मानने वाले लोग किस बात से अनभिज्ञ हैं ?

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4+4 = 8

(क) ''कब्रिस्तान में पंचायत' — पाठ में अदृश्य दीवार क्या थी ? फ़ैसला सुनाते समय लेखक को उसकी याद क्यों आ जाती है ?

(ख) महादेवी जी अपने जीवन में पारिवारिक अभाव की तृप्ति किस प्रकार करती थीं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' — पाठ के आधार पर मातादीन की कार्यपद्धति पर टिप्पणी लिखिए।

**11.** ''आज हमें स्वामिभक्त नहीं, देशभक्तों की आवश्यकता है।'' इस कथन की सार्थकता 'स्वराज्य की नींव' पाठ के आधार पर तर्क-सहित स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

चाचा क्या-क्या काम करते थे ? इतने सारे काम करने पर भी वे निकम्मे क्यों माने जाते थे ? — 'पादुका-पूजन' कहानी के आधार पर लिखिए।

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पड़ा ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल!

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) पर्वत अपने रूपाकार को कहाँ और कैसे देख रहा है ?

(iii) कवि ने पर्वत की विशालता और तालाब की निर्मलता को कैसे व्यक्त किया है ?

**अथवा**

जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको;
पर बाद-बाद में अक्ल जगी मुझको,
जी, लोगों ने तो बेच दिए ईमान,
जी, आप न हों सुनकर ज़्यादा हैरान।
मैं सोच-समझकर आखिर
अपने गीत बेचता हूँ।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) कवि को गीत बेचने की शर्म से कब और कैसे छुटकारा मिला ?

(iii) 'सोच-समझकर गीत बेचता हूँ' — से कवि का क्या तात्पर्य है ?

**13.** 'मातृभूमि' **अथवा** 'मित्र प्रसंग' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। 4

**14.** निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

बाँध कर नदी को
मनुष्य दुह रहा है
अब वह कामधेनु है ।

**अथवा**

मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक।
पालै-पोसे सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।

**15.** राष्ट्र का नवीन रूप उभाने में युवकों का क्या योगदान है? 'तरुण से' कविता के के आधार लिखिए। 2

**16.** 'कथालोक' - भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : 2+2+2 = 6

(क) गंगातट पर मनोहर और सुरबाला सारे संसार को क्यों भूल बैठे थे ? 'खेल' कहानी के आधार पर लिखिए।

(ख) महेन्द्रवर्मन से भाववर्मा को नया काम मिलने पर भी उसके मन में प्रसन्नता क्यों नहीं थी ?

(ग) 'वारिस' कहानी के आधार पर लिखिए कि पुत्र का कौन-सा आचरण पिता की इच्छा के विरुद्ध था।

**17.** (क) 'हत्यारों की वापसी' कहानी के आधार पर तर्क-सहित उत्तर दीजिए कि हाजी सेठ का हृदय-परिवर्तन हुआ था या उसे परिस्थितियों के सामने झुकना पड़ा था। 4

(ख) आंगन लीपते समय बूढ़ी अम्मा बेटू के बारे में क्या-क्या कल्पनाएँ कर रही थी ? 'मजबूरी' कहानी के आधार पर लिखिए। 5

**अथवा**

'पार नज़र के' कथा में पृथ्वी की ओर आ रहे अंतरिक्ष-यानों को लेकर क्या योजनाएँ बनाई गईं? पूरा विवरण लिखिए।